आकाशवाणी केन्द्र शिमला

17.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

<u>मुख्य समाचार</u>

- प्रदेश में फलों के उत्पादन में वृद्धि दर्ज– 6 लाख मीट्रिक टन से अधिक हुआ उत्पादन।
- राज्य की कांग्रेस सरकार 2 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर बिलासपुर में 11 दिसम्बर को आयोजित करेगी समारोह।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर का आरोप– कांग्रेस सरकार ने चुनावी गारंटियों के विपरीत किया कार्य।
- प्रदेश में ठण्ड का दौर बढ़ा– 20 नवम्बर तक मैदानी इलाकों में घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी।

<u>बागवानी</u>

प्रदेश में फलों का उत्पादन 6 लाख मीट्रिक टन के पार हो गया है। प्रदेश के राजस्व में बागवानी क्षेत्र करीब 4 हज़ार 4 सौ 76 करोड़ रूपए का वार्षिक योगदान दे रहा है और इससे लगभग 10 लाख लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोज़गार के अवसर उपलब्ध होते हैं। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार बीते दो वर्षों में राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के चलते फल उत्पादन में वृद्धि दर्ज की गई है। राज्य में 25 हज़ार 8 सौ 29 मीट्रिक टन मशरूम और 4 हज़ार 81 मीट्रिक टन शहद का उत्पादन भी दर्ज किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि बीते दो वर्षों में एक लाख 20 हज़ार से अधिक बागवानों को नवीनतम बागवानी तकनीकों के बारे में प्रशिक्षित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसानों के उत्पादों को बेहतर दाम और बाज़ार उपलब्ध करवाने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। मण्डी मध्यस्थता योजना के तहत राज्य में 8 सौ 19 खरीद केन्द्र स्थापित किए गए हैं। बागवानों को बिचौलियों से बचाने के लिए मण्डी मध्यस्थता योजना को सफलतापूर्वक लागू किया जा रहा है।

<u>प्रधानमंत्री</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान को प्रभावी बनाने में सहयोगी सभी लोगों के प्रति आभार जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लोगों से अपनी मां के सम्मान में एक पेड़ लगाने और धरती को टिकाऊ बनाने में योगदान देने का आग्रह किया।

<u>कांग्रेस सरकार</u>

प्रदेश कांग्रेस सरकार के 2 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने का समारोह 11 दिसम्बर को बिलासपुर में आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखाविन्दर सिंह सुक्खू ने इस समारोह को सफल बनाने के लिए अभी से तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए हैं। तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी, पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर, पूर्व विधायक बंबर ठाकुर और कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने आज शिमला में मुख्यमंत्री से भेंट की और विश्वास दिलाया कि 2 वर्ष के कार्यकाल का समारोह ऐतिहासिक रूप से मनाया जाएगा। इन नेताओं ने मुख्यमंत्री से ज़िले में चल

रही विकास परियोजनाओं को लेकर भी विचार–विमर्श किया। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि बिलासपुर ज़िले के विकास कार्यों में किसी भी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी। कांग्रेस नेताओं ने मुख्यमंत्री से झंडूता और स्वारघाट को नगर पंचायत का दर्जा देने की मांग भी उठाई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों से गोबिंद सागर झील में वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियां शुरू हो चुकी हैं। इससे स्थानीय लोगों को रोज़गार व स्वरोज़गार के अवसर मिलने से क्षेत्र में आर्थिक समृद्धि आएगी।

आयुष्मान कार्ड

आयुष्मान वय वंदना कार्ड के शुरू होने के तीन सप्ताह के भीतर 10 लाख से अधिक वरिष्ठ नागरिकों ने इसके लिए नामांकन कराया है। केन्द्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय ने बताया है कि इनमें से लगभग 4 लाख नामांकन महिलाओं द्वारा किए गए हैं। इस कार्ड के जारी होने के बाद से 9 करोड़ रुपये से अधिक के उपचारों को अधिकृत किया गया है। इससे 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के चार हजार आठ सौ से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को लाभ हुआ है, जिनमें एक हजार चार सौ से अधिक महिलाएँ शामिल हैं। यह कार्ड प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत मिशन के तहत मुफ्त स्वास्थ्य सेवा का लाभ प्रदान करता है।

पुण्यतिथि

महान स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय की आज पुण्य तिथि है। इस अवसर पर देशभर में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शिमला में एक कार्यक्रम में नगर निगम महापौर सुरेन्द्र चौहान ने पुण्यतिथि पर लाला लाजपत राय को श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में लाला लाजपत राय के साहस की गाथा देशवासियों के लिए हमेशा स्मरणीय रहेगी। इस दौरान सूचना व जन संपर्क विभाग के कलाकारों ने देशभक्ति के गीत व भजन गायन की प्रस्तुति भी दी।

अभियान

प्रदेश पुलिस सड़क सुरक्षा को लेकर कल 18 नवम्बर से एक विशेष अभियान शुरू करने जा रही है। पुलिस महानिदेशक अतुल वर्मा ने बताया कि 2 दिसम्बर तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य ओवरलोडिंग व खतरनाक तरीके से माल की ढुलाई को रोकना और माल वाहक वाहनों में अवैध रूप से यात्रियों के परिवहन पर अंकुश लगाना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से पुलिस विभाग सड़क सुरक्षा और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता दोहराता है। उन्होंने आम नागरिकों से भी सड़क हादसों में कमी लाने के लिए यातायात नियमों का पालन करने और इस अभियान का समर्थन करने की अपील की है।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि देशभर के लोगों ने कांग्रेस की झूठी गारंटियों के मॉडल को नकार दिया है। झारखण्ड दौरे के दौरान रांची में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार एक ऐसी सरकार है, जिसने विधानसभा चुनाव के दौरान दी गई गारंटियों के पूरी तरह विपरीत काम किया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि सत्ता में आने के बाद से कांग्रेस सरकार ने एक हज़ार से अधिक सरकारी संस्थान बंद कर दिए और मुफ्त मिलने वाली बिजली व पानी की सुविधा भी रोक दी गई है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के झूठ के इस दौर को चलने नहीं दिया जाएगा और एक–एक झूठ का पर्दाफाश किया जाएगा। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि आज प्रदेश में विकास के सभी काम ठप्प पड़े हैं और युवाओं को रोज़गार भी नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने ये भी कहा कि प्रदेश में हर तरफ अराजकता का माहौल है और सरकार में आम आदमी की सुनवाई नहीं हो पा रही है। विपक्ष के नेता ने कहा कि 22 महीने के कार्यकाल में ही कांग्रेस सरकार 25 हज़ार करोड़ रूपए से अधिक का ऋण ले चुकी है और इस वर्ष की ऋण लेने की सीमा लगभग समाप्त हो चुकी है। उन्होंने भाजपा कार्यकाल में शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं को बंद करने का भी आरोप लगाया।

## बयान

दूसरी ओर, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने प्रदेश भाजपा के नेताओं पर स्वार्थ की राजनीति के लिए अन्य राज्यों में कांग्रेस सरकार के खिलाफ भ्रामक दुष्प्रचार करने का आरोप लगाया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर प्रदेश सरकार के खिलाफ झूठे आंकड़े प्रस्तुत कर राज्य के हितों के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। रोहित ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपने दो वर्ष के कार्यकाल में पूर्व भाजपा सरकार की तुलना में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं और कई गारंटियों से भी आगे बढ़कर कार्य किया है। उन्होंने विपक्ष को राज्य के समग्र विकास के लिए सकारात्मक भूमिका निभाने की सलाह भी दी।

## भेंट

हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के प्रतिनिधि मण्डल ने आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू से भेंट की। बोर्ड के कर्मचारी व इंजीनियर संयुक्त मोर्चा के संयोजक लोकेश ठाकुर ने मुख्यमंत्री को विभिन्न मुद्दों व मांगों से अवगत करवाया। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधि मण्डल को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा। उन्होंने कर्मचारियों के कल्याण के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता पर बल दिया और कहा कि सरकार ने अपने कार्यकाल के 2 वर्षों में 11 प्रतिशत महंगाई भत्ता जारी किया है और पुरानी पैंशन योजना को बहाल किया गया है। तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी भी इस दौरान मौजूद रहे।

## मौसम

प्रदेश में सुबह–शाम ठण्ड का दौर बढ़ गया है। खासतौर पर ऊपरी इलाकों व जनजातीय क्षेत्रों में लोगों को कड़ाके की ठण्ड का सामना करना पड़ रहा है। राज्य के मैदानी ज़िलों में भी कोहरे के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। जनजातीय क्षेत्रों में कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान शून्य डिग्री के आसपास दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभाग ने 22 नवंबर को पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम में बदलाव की संभावना जताई है। विभाग ने कल से 20 नवंबर तक बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी और ऊना के कई क्षेत्रों में घने कोहरे का येलो अलर्ट भी जारी किया है।

सीमेंट स्प्रे

चम्बा नगर के पक्काटाला मोहल्ला में सीमेंट स्प्रे का कार्य आरम्भ हो गया है। इस कार्य के शुरू होने से इस क्षेत्र में भूस्खलन की समस्या से निजात मिलेगी और मोहल्ला के नीचे से गुज़रने वाले लोग भी बिना किसी परेशानी के सड़क पर सफर कर पाएंगे। पक्काटाला मोहल्ला में भूस्खलन की समस्या पिछले करीब 25 वर्षों से चल रही थी। सीमेंट स्प्रे व सुरक्षा दीवार लगाने के लिए करीब 3 करोड़ रूपए की राशि मिली है।